# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

**साई आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर,** e-mail: eeruralsitapur@gmail.com


पत्र संख्याः 6232 / M-16 / 180 दिनांकः 22 /07 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " ग्रामीण पानी को तरस रहे, जल जीवन मिशन पर सवाल " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर "**ग्रामीण पानी को तरस रहे ,जल जीवन मिशन पर सवाल**" शीर्षक से दिनांक 22.07.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत सुमरावां पाइप पेयजल योजना से सम्बिन्धत है।

विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत सुमरावां पाइप पेयजल योजना अनुबन्धित फर्म मेसर्स एल0एण्ड टी0 लि0 के द्वारा निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत में 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग बाउण्ड्रीवाल 19.96 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 770 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस का कार्य 90 प्रतिशत, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग बाउण्ड्रीवाल का कार्य 60 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है।, 1 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य 80 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है।, 12.45 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 296 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं शेष प्रगति पर है। योजना के पाइप लाइन टेस्टिंग के कार्य प्रगति पर है जिसमे सीधी पम्पिंग से 1 माह में जल आपूर्ति चालू कर दिया जाएगा।

योजनाओं के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2027 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। दिसम्बर 2027 तक योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,
(हस्ताक्षर)
**fo अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– अधीक्षण अभिन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3– जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
4–सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
5– मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि योजना के अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साईं आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com

पत्र संख्याः 6232 / M-16 / 180 दिनांकः 22/07/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " ग्रामीण पानी को तरस रहे, जल जीवन मिशन पर सवाल " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर "**ग्रामीण पानी को तरस रहे ,जल जीवन मिशन पर सवाल**" शीर्षक से दिनांक 22.07.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत सुमरावां पाइप पेयजल योजना से सम्बिन्धत है।

विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत सुमरावां पाइप पेयजल योजना अनुबन्धित फर्म मेसर्स एल0एण्ड टी0 लि0 के द्वारा निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत में 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग बाउण्ड्रीवाल 19.96 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 770 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस का कार्य 90 प्रतिशत, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग बाउण्ड्रीवाल का कार्य 60 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है।, 1 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य 80 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है।, 12.45 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 296 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं शेष प्रगति पर है। योजना के पाइप लाइन टेस्टिंग के कार्य प्रगति पर है जिसमे सीधी पम्पिंग से 1 माह में जल आपूर्ति चालू कर दिया जाएगा।

योजनाओं के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2027 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। दिसम्बर 2027 तक योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

/

**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि:–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– अधीक्षण अभिन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3– जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
4–सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
5– मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि योजना के अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

for अधिशासी अभियन्ता

10:47 86%

# सुमरावां में करोड़ों की पानी टंकी अधूरी: ग्रामीण पानी को तरस रहे, जल जीवन मिशन पर सवाल

राममोहन | सकरन, सीतापुर 22/07/26




शेयर

पानी टंकी अधूरी।

सीतापुर के सकरन विकास खंड स्थित सुनरावां ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपये की लागत से बनी ओवरहेड पानी की टंकी अधूरी पड़ी है। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना था, लेकिन ग्रामीणों को आज भी पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

टंकी का आरसीसी (RCC) ढांचा, टावर, सीढ़ी और रेलिंग का निर्माण तो पूरा हो चुका है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण पानी

10:47 86%

टंकी का आरसीसी (RCC) ढांचा, टावर, सीढ़ी और रेलिंग का निर्माण तो पूरा हो चुका है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण पानी
का स्टोरेज टैंक अभी तक स्थापित नहीं किया गया है। हाल ही में ली गई तस्वीरों में यह स्थिति स्पष्ट दिखती है। इसके अतिरिक्त, सोलर पैनल और पंप हाउस बना दिए गए हैं, पर पाइपलाइन बिछाने और घरों तक कनेक्शन पहुंचाने का काम भी अधूरा है।

सुमरावां के ग्रामीणों ने अपनी परेशानी व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले तीन साल से उन्हें टंकी बनने और पानी आने का आश्वासन दिया जा रहा है। भीषण गर्मी में बच्चों और बुजुर्गों को पानी के लिए भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं का आरोप है कि कागजों में योजना को पूरा दिखाकर भुगतान भी निकाल लिया गया है।

ग्रामीणों ने इस अधूरी परियोजना को "भ्रष्टाचार का स्मारक" बताया है। उनका कहना है कि अधिकारी केवल तस्वीरें खिंचवाकर चले जाते हैं, जबकि धरातल पर कोई काम नहीं होता। ग्रामीणों ने सीतापुर के जिलाधिकारी (DM), मुख्य विकास अधिकारी (CDO) और जल निगम से उच्च स्तरीय जांच कराने, जिम्मेदार ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और जल्द से जल्द टंकी लगाकर पानी की आपूर्ति शुरू करने की मांग की है।

## खबरें और भी हैं...